Gold medals for 3 students





हिन्दुस्तान

गुरुनानक कॉलेज के तीन विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल

धनबाद। बीबीएमकेयू के तीसरे दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को गुरुनानक कॉलेज धनबाद के तीन विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिला। इनमें कॉमर्स विभाग की श्रेया सुराल सत्र 2021–24, अर्थशास्त्र विभाग की अफसा परवीन सत्र 2021–24 व बीबीए विभाग के उदित आनंद रॉय सत्र 2022–25 शामिल हैं। प्राचार्य डॉ रंजना दास ने इन छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जीएन कालेज के भी हिस्से आया तीन गोल्ड

जागरण संवाददता, धनबाद : बीबीएमकेयू के तृतीय दीक्षा समारोह में गुरु नानक कालेज के तीन विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों से स्नातक स्तर पर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अवार्ड दिया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कामर्स विभाग की श्रेया सुराल सत्र 2021–24, अर्थशास्त्र विभाग की अफसा परवीन सत्र 2021–24 तथा बीबीए विभाग के उदित आनंद राय सत्र 2022–25 शामिल हैं। प्राचार्या डा.रंजना दास ने तीनों गोल्ड मेडल विजेताओं को बधाई दी।